# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 05.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 05.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

**(3).** आज सुबह करीब 04.30 बजे एक पिकअप 95 टी 9519 में सवार होकर करीब 15 -20 लोग बाहर मजदूरी करने आ रहे थे भांगा पुल चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी के पहले पुल सकरा होने की वजह से सामने से आ रहे अज्ञात भारी वाहन से पिकअप की साइड टकरा गई जिस पिकअप पर सवार लोग नीचे गिर गए। इस घटना में 1.मुन्नी पुत्री सुनील कुमार उम्र 16 वर्ष निवासी चंदना मध्य प्रदेश 2. वंदना पत्नी सागर उम्र 35 वर्ष निवासी सरवाई जिला छतरपुर मध्य प्रदेश 3.सपना पुत्री श्रीकेशन उम्र 19 वर्ष बांदा 4. शकुंतला पत्नी नील चंद्र उम्र 45 वर्ष निवासी कालिंजर बांदा 5.कुसुम पत्नी हरिराम उम्र 45 वर्ष निवासी कालिंजर बांदा 6.श्री केशन पुत्र भैया लाल उम्र 50 वर्ष निवासी सडा बांदा तथा 7.भोले पुत्र हरिराम उम्र 35 वर्ष निवासी कालिंजर बांदा 8.केसर पुत्री श्री केशन उम्र 35 वर्ष कालिंजर बांदा 9. वर्षा पुत्री संजय कुमार निवासी नेकेनी बांदा 10.कार्तिक पुत्र राजकुमार निवासी पन्ना मध्य प्रदेश जिसमें घायल हो गए घायलों को सूचना पर भरतकूप पुलिस द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया जहां दौरान उपचार 1.कुसुम पत्नी हरिराम उम्र 52 वर्ष 2.केसर पत्नी श्रीकेशन 3. मन्नू पुत्री सुनील उम्र 14 वर्ष निवासी चंद्रला थाना छतरपुर मध्य प्रदेश 4.सपना पुत्री श्री केशन उम्र 18 वर्ष निवासी उपरोक्त की मृत्यु हो गई सूचना के आधार पर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्य़वाही की जा रही है। जिलाधिकारी चित्रकूट एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों के बारे मे जानकारी की गयी तथा उपस्थित चिकित्सको को समुचित इलाज हेतु निर्देशित किया गया। मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजकमल,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह उपस्थित रहे।

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्दशन में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट चित्रकूट पुलिस ने 03 अभियुक्तों को 95 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

(i). चौकी प्रभारी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता , उ0नि0 मेवालाल मय हमराह आरक्षी अजय, आरक्षी अमर द्वारा अभियुक्त अजय पुत्र रामेश्वर निवासी नयागांव थाना चित्रकूट जनपद सतना को 45 क्वार्टर फैक्ट्री मेड अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(ii). उ0नि0 श्री राहुल पाण्डेय थाना भरतकूप मय हमराह आरक्षी आदर्श गुप्ता द्वारा अभियुक्त विनोद कुमार पुत्र रामसेवक यादव निवासी पहरा थाना भरतकूप को 30 अदद क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना भरतकूप में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

(iii) उ0नि0 श्री पवन चौधरी थाना राजापुर मय हमराह आरक्षी प्रकाश मिश्रा, आरक्षी अजय मिश्रा द्वारा अभियुक्त देवगुलाम पुत्र बबली निवासी कस्बा राजापुर थाना राजापुर को 20 अदद क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह थाना कोतवाली कर्वी तथा हमराहीगण द्वारा अभियुक्त 1. कमल कुमार पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी

बनघट रोड थाना कोतवाली कर्वी 2. शंकर पुत्र अच्छेलाल निवासी खटकाना थाना कोतवाली कर्वी 3. पवन रैकवार निवासी बनकट थाना कोतवाली कर्वी 4. बुद्धविलास निवासी जनसेवा इन्टर कालेज के पीछे थाना कोतवाली कर्वी 5.कल्लू पुत्र देवीदीन रैकवार निवासी अहिरनपुरवा थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों में हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ से कुल 1100/- रुपये,52 अदद ताश के पत्ते तथा जामा तलाशी से कुल 290/- रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली कर्वी में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

बरामदगीः-

1. कुल मालफड़ से 1100/- रुपये
2. 52 अदद ताश के पत्ते
3. जामा तलाशी से 290/- रुपये

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1.उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह
2.आरक्षी कुलदीप द्विवेदी
3.आरक्षी शिवपूजन यादव

**(6).** जिलाधिकारी श्री श्री शिवशरणप्पा जी0एन0, पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में आगामी होली एवं ईद त्यौहार को सकुशल संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई । जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी धर्म गुरुओं से अपील की आगामी आने वाले पर्व को शांतिपूर्ण मनाया जाता है और मनाए । उन्होंने कहा कि होली ईद व अन्य त्योहारों को जो जिला प्रशासन की तरफ से व्यवस्थाएं रहती है वह तत्पर रहेगी । उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि साफ सफाई की एवं जल संस्थान पानी की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था से संबंधित एंबुलेंस व मेडीकल किट हर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुस्तैद रहनी चाहिए कहा कि इसके साथ ही साथ पुलिस व्यवस्था भी सभी जगह पर लगा दिया गया है। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि जहां पर तार लटक रहा है उसे सही कराएं । जिलाधिकारी ने सभी उप जिला अधिकारियों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां पर होलिका दहन कार्य संपन्न किया जाएगा स्थलीय निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें आप सभी लोगों से अपील है कि सहयोगात्मक भावना से कार्य करें । कहा कि किसी भी भ्रामक खबरों की तरफ ध्यान न दें। जिलाधिकारी ने सभी जनपद वासियों को होली व रमजान की बधाई देते हुए कहा कि आने वाले होली व ईद को आपस में समन्वय बनाकर एक दूसरे के पर्व में शामिल होकर हर्षोल्लास के साथ हम लोग पर्व मनाए किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए यह हम सभी लोगों का दायित्व बनता है।

पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह ने द्वारा सभी धर्म गुरुओं से अपील करते हुए कहा कि सभी को इसी आबो हवा में रहना है हम सबको समन्वय बनाकर हर्ष उल्लास के साथ पर्व को मनाये उन्होंने कहा कि जो समस्याएं बताई गई है उसको संज्ञान में लाकर निस्तारण किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद,क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जय करन सिंह अन्य अधिकारी,धर्मगुरु व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

(7). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 श्री कृपानंदन शर्मा मय हमराह का0 चन्द्रभूषण राय द्वारा मु0अ0सं0 13/25 धारा 191(2)/115(2)/352/351(2)/308(5) बीएनएस थाना मानिकपुर के वांछित अभियुक्तगण 1.बबुली उर्फ बबलू सोनकर पुत्र वसन्तलाल उम्र 40 वर्ष 2.राजा सोनकर पुत्र रमेश उम्र 27 वर्ष 3.रमेश सोनकर पुत्र सरजू उम्र 59 वर्ष नि0गण मोहल्ला शिवनगर कस्बा व थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री कृपानंदन शर्मा

2.आरक्षी चन्द्रभूषण राय

(8).पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में उ0नि0 श्री शनी कुमार चर्तुवेदी मय हमराह आरक्षी विपिन कुमार द्वारा मु0अ0स0 130/25 धारा 105 बीएनएस थाना कोतवाली कर्वी के वांछित अभियुक्त अंकित पुत्र राजकिशोर कुशवाहा उम्र 18 वर्ष निवासी खुटहा चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री शनी कुमार चतुर्वेदी

2.आरक्षी विपिन कुमार